के श्याम तेरा शुक्राना

जब विपदा की बदरी थी छाई
तूने मोरछड़ी अपनी लहराई
हर मुसीबत से मुझको बचाया
के श्याम तेरा शुक्राना
तूने रट हुए को हंसाया
के श्याम तेरा शुक्राना

जबसे तूने सांवरिया पकड़ा ये हाथ है
काँटों वाली राहों में फूलों की बरसात है
तूने इतना किया है एहसान तेरे प्रेमियों में मिली पहचान
मेरे सूखे चमन को खिलाया
के श्याम तेरा शुक्राना

मेरे संग है दुखों ने मुख मोड़ा
मेरे हर भरम को तो तूने ही तोडा
मेरी साँसों की सरगम में श्याम
मेरे होंठों पे तेरा ही नाम
तूने मुझको है अपना बनाया
के श्याम तेरा शुक्राना

तूफानों में अब ना डोले मेरी नैया
पार तू लगता है बनकर खिवैय्या
ये चोखानी तेरा ही गुलाम बाबा गौतम की थामो लगाम
तूने इतना जो प्यार बरसाया
के श्याम तेरा शुक्राना

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/13132/title/ke-shyam-tera-shukaraana

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |